तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 जुलाई 2024

13 चुनाव के बाद 20 से 30 फीसदी बढ़ी महंगाई...

14 स्कूल जतन योजना का बंटाधार, जांच से पहले ही ...




प्रवेश प्रारंभ
BCA PGDCA DCA B.P.Ed. B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

B.M. COLLEGE
BCA BBA PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# परसदा में शासकीय कर्मचारियों ने 19 प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

**शाला त्यागी बच्चों को भी स्कूल जाने कर रहे प्रेरित, आर्थिक रुप से भी कर रहे मदद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शिक्षा जीवन का आधार है और प्रत्येक बच्चों को शिक्षा का अधिकार है। इसी के तहत बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए परसदा के शासकीय कर्मचारियों ने विशेष पहल करते हुए प्रतिभावान बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने। पढ़ाई लिखाई की प्रक्रिया सतत क्रम से चलती रहे इस विचार से गांव में सर्वे कर प्रतिभावान बच्चों का सूची तैयार कर सभी के घर में जाकर पढ़ाई हेतु प्रेरित करते हुए स्कूलबैग,कॉपी, पेन कंपास बॉक्स, पानी बोतल, स्केल सामग्री प्रदान कर सम्मान किया। शिक्षक पूरन साहू ने बताया कि कोरोना काल में कर्मचारी संघ द्वारा मास्क सेनिटाइजर, आर्थिक सहयोग के साथ-साथ खाद्य सामग्री भी जरूरतमंद लोगों को वितरण किया गया था। समय-समय पर पौधारोपण ,रचनात्मक कार्य के साथ-साथ धार्मिक कार्यों में भी सहयोग प्रदान करते है।




**इन बच्चों का किया सहयोग**

जिन बच्चों को कर्मचारियों ने सहयोग किया है उनमें प्राथमिक शाला के उमंग तारक, मानसी साहू, तृषा खिलवारे, प्रिया धृतलहरे, रवि रूपाली साहू, सोनम यादव शामिल हैं। मिडिल स्कूल के बच्चे प्रीति तारक,खुशी ध्रुव,पल्लवी, वैशाली साहू, भूमिका साहू,भास्कर वर्मा लावण्या महिलांग, हाईस्कूल के क्षमा सेन, ज्योति यादव,देवकुमार तारक, योगिता ध्रुव,सागर खुंटियारे शामिल हैं।

**शिक्षा के प्रति लोगों के सकारात्मक बदलाव :** प्रतिभाशाली बच्चों को सहयोग प्रदान करने वाले कर्मचारियो में रेलवे विभाग से भुनेश्वर साहू, देवनाथ साहू,चंद्रपाल साहू पुलिस विभाग से होरीलाल बारले, फुड इंस्पेक्टर सचिन धृतलहरे,शिक्षा विभाग से पूरन साहू, उकेश तारक,दुष्यंत वर्मा, प्रवीणवर्मा, अशोक खुटियारे,सुखेन साहू, टीकाराम साहू, ओमप्रकाश साहू, विजय साहू, कमलनारायण साहू शामिल हैं। ये सभी कर्मचारी ग्राम परसदा के हैं जो बच्चों के घरों में जाकर संपर्क किए और जो बच्चे विद्यालय छोड़ चुके हैं उन्हे भी पढ़ाई के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। कर्मचारी संघ ने बताया कि जो गरीब एवं प्रतिभावान बच्चे हैं जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उनकी मदद करने का बीड़ा उठाए हुए है। इससे शिक्षा के प्रति लोगों के विचार में सकारात्मक बदलाव आया है। ग्रामीणों ने बच्चो के इस सहयोग के लिए गांव के कर्मचारियों की तारीफ की है।


## आयोजन: जिले का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में हुआ दर्ज

# 17 हजार से अधिक नवविवाहित, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं ने 85 हजार पौधे लगा बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- जिले की नवाचारी पहल पोषण निवेश कार्यक्रम, देखभाल करने की ली जिम्मेदारी
- कलेक्टर अग्रवाल को सौंपा गई वर्ल्ड रिकॉर्ड ट्रॉफी एवं मेडल

जिले की महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने जिला प्रशासन द्वारा नवाचारी पहल करते हुए पोषण निवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की दूरगामी सोच एवं नवाचारी पहल के परिणाम स्वरूप आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जिले की गर्भवती, शिशुवती एवं नवविवाहित महिलाओं ने फलदार पौधों का रोपण किया। इस वृहद अभियान में जिले की 17 हजार से अधिक महिलाओं ने 85 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया। मनरेगा के माध्यम से जिले के विभिन्न नर्सरियों में तैयार किये गये फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण कर महिलाओं को उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के तहत पौधों का रोपण खुली जगह में न कर हितग्राहियों के बाड़ियों में किया गया। जिससे उनका शत प्रतिशत देखभाल और संरक्षण हो सके। पोषण निवेश कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने अपने बाड़ियों में 5-5 फलदार पौधे आम, अमरूद, नींबू, कटहल और मुनगा का रोपण किया। साथ ही छोटे बच्चे की तरह उनका देखभाल करने और उनका सरंक्षण-संवर्धन करने की जिम्मेदारी भी ली। विशेष थीम पर आयोजित पोषण निवेश कार्यक्रम के

तहत किये गये वृक्षारोपण से वर्ल्ड रिकार्ड कायम किया गया। विशेष तौर पर गर्भवती, शिशुवती एवं नवविवाहित महिलाओं द्वारा एक ही दिन में 85 हजार से अधिक पौधों का रोपण करने के कारण जिले का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की छत्तीसगढ़ हेड सोनल शर्मा ने कलेक्टर दीपक अग्रवाल को मीडिया की मौजूदगी में वर्ल्ड रिकार्ड की ट्रॉफी और मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर नवाचारी पहल की बधाई दी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीमती शर्मा ने बताया कि गर्भवती, शिशुवती एवं नवविवाहित महिलाओं द्वारा एक ही दिन में 85 हजार से अधिक पौधों का रोपण करने का यह पहला कार्यक्रम है। जिसके कारण जिला का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव, डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अशोक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



**कुपोषण से उबारना व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से उबारना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है। उन्होंने पौधे लगाने से अधिक पौधे बचाने पर जोर देते हुए कहा कि कार्यक्रम के तहत लगाये गये पौधों की सुरक्षा के लिए महिलाएं संकल्पित होकर अभियान में जुड़ी है। लोग जिस प्रकार संतानों के भविष्य की सुरक्षा के लिए आर्थिक बचत में निवेश करते है, उसी प्रकार आने वाले संतानों की देखभाल एवं उन्हें सुपोषित करने के उद्धेश्य से पोषण में निवेश का कार्यक्रम चलाया गया है। इसके तहत महिलाओं ने 5-5 पौधों का रोपण अपनी बाड़ियों में करके उन्हें अपने संतानों की तरह देखभाल करने का संकल्प भी लिया। यह पौधे भविष्य में फल प्रदान करेंगे, जिससे महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण को दूर भगाने में मदद मिलेगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पोषण निवेश कार्यक्रम के तहत जिले की महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में भागीदारी निभाने पर जिले की महिलाओं का आभार जताया है।

## नपं कोपरा में शासन ने किया अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य का मनोनयन




- नगर पंचायत कोपरा के नोगेश्वर होंगे प्रथम अध्यक्ष

**कोपरा।** ग्राम पंचायत कोपरा भंग होने के बाद एक बड़ा उलटफेर हुआ हैं । शासन के नए आदेश में नगर पंचायत में कृत्यों के संचालन करने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य को मनोनीत किया है। इस आदेश से बीजेपी खेमे में खुशी है तो वही पूर्वर्ती पंचायत पदाधिकारी सरपंच उप सरपंच और पंच मायूस हो गए हैं। वही इस आदेश से कांग्रेस कार्यकर्ता भी आहत हुए हैं।

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के अधिसूचना क्रमांक एफ 1-6/2024/18- राज्य शासन एतद्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (क्रमांक 37 सन 1961) की धारा 16 (1) के अधीन नगर पंचायत कोपरा जिला-गरियाबंद की परिषद् के कृत्यों के संचालन हेतु आगामी आदेश पर्यन्त समिति का गठन किया है। राज्य शासन से जारी अधिसूचना में नगर पंचायत कोपरा में नागेश्वर साहू को अध्यक्ष एवं

उपाध्यक्ष भारती साहू को बनाया है। इसी तरह सदस्य में नंदुराम सिन्हा लक्ष्मीनारायण पटेल मेघ सिंग साहू चतुर साहू खिलेश्वर गोस्वामी रेखा कोसरे हिमालय सोनी जेठू ध्रुव नीरा तारक को बनाया है।

**खबर संक्षेप**

### एसडीएम की समझाइश पर कोटवार हड़ताल स्थगित

**राजिम।** राजिम मुख्यालय में पिछले दो दिनो से चल रहे कोटवार संघ का हड़ताल एसडीएम अर्पिता पाठक की समझाइस पर बुधवार को स्थगित हो गई है। एसडीएम ने कोटवारों से कहा कि हड़ताल छोड़कर अपना काम करें। इस समझाइस का असर कोटवारों को हुआ और वे हड़ताल स्थगित कर अपने-अपने गांव के लिए रवाना हो गए। यह जानकारी सुरसाबांधा के कोटवार अनिल टांडिया ने दी।

### नेशनल हाईवे में बाइक टकराई मवेशी से, दो घायल



**मैनपुर।** नेशनल हाईवे 130— सी मैनपुर गरियाबंद मुख्य मार्ग में रात 9 बजे के आसपास मवेशी से टकराने से 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वही मवेशी भी घायल हो गया, जिनका उपचार किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात 9 बजे के आसपास तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में सड़क के बीचो-बीच एक मवेशी बैठा हुआ था। बस स्टैंड के तरफ से तेज गति से मोटरसाइकिल में सवार 2 युवक आए। तेज रफ्तार मोटर साइकिल होने के कारण युवक नियंत्रण खो दिया और मवेशी के ऊपर वाहन को चढ़ा दिया। जिससे दोनों युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वही मोटरसाइकिल इतना तेज रफ्तार था की मवेशी भी 4-5 फीट दूर उछल कर जा गिरा। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। संजीवनी एक्सप्रेस 108 के माध्यम से घायल युवकों को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## मां का पेट और किसान का खेत स्वस्थ होना चाहिए: अर्चना

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



- उपस्वास्थ केंद्र पसौद में सास- बहू सम्मेलन

ब्लाक के अंतर्गत उपस्वास्थ्य केंद्र पसौद में शासन के आदेशानुसार सेक्टर स्तरीय सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम की सास बहू बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सभापति अर्चना डॉ दिलीप साहू, अध्यक्षता सरपंच श्रीमती मीना संतोष साहू, विशेष अतिथि पंच काशी निषाद, संतोष साहू, डॉ दिलीप साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्चना साहू ने कहा कि मां बनने के लिए हमारा शरीर स्वस्थ होना जरूरी है। जो माताएं एक बार मां बन चुकी है वो दूसरी बार बनने के लिए जरूर तीन चार साल का अंतर रखें। जिसके लिए स्वास्थ विभाग द्वारा दी जाने वाले संसाधन गर्भ निरोधक दवाई माला डी,कापरटी आदि का उपयोग करे। अंतर को लेकर सासु मां बहू का सहयोग करे। अपनी बहुओं को जल्दी बच्चे के लिए प्रेरित न करें। अंत में यह भी कहा की आने वाले उज्जवल भविष्य के लिए मां का पेट और किसान का खेत स्वस्थ होना चाहिए।

**इनकी रही उपस्थिति**–कार्यक्रम सुपरवाइजर राधा सोनी,आर एच ओ श्रीमती मंजू भदौरिया, टोमन साहू, रोहित साहू, सीएचओ दीक्षा साहू, मितानिन नीलम साहू, बोधनी साहू, नर्मदा साहू जीतू धुरव, चेमिन साहू,सहित ग्राम के सास–बहु एवं स्वाास्थ विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## दुलीकेशन राजिम भक्तिन माता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष



**राजिम।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की भावी योजनाओं सामाजिक क्रियाकलापों एवं उद्देश्यों को कार्य रूप में पारित करने के लिए समिती के वरिष्ठजनों एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू के अनुशंसा पर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की कार्यकारणी का विस्तार करते हुए समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने महासमुंद जिला साहू समाज के युवा नेता दुलीकेशन साहू को समाज के प्रति वचनबद्धता कर्मठता एवं जागरूकता को देखते हुए कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।


## मौसमी बीमारी के मरीज बढ़े स्कूली बच्चे हो रहे हैं प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- 8 लोग मलेरिया पॉजिटिव पाए गए

तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित पूरे क्षेत्र में इन दिनों बरसात के मौसम में मलेरिया, सर्दी, खांसी, बुखार, डायरिया के साथ मौमसी बीमारियों की के मरीजों की संख्या बढ गई है। इस मौसमी बीमारी में सबसे ज्यादा उम्रदराज और छोटे बच्चे प्रभावित हो रहे है। प्रतिदिन सरकारी अस्पताल सहित निजी अस्पतालो एंव मेडिकलों में बुखार सर्दी, खांसी, मलेरिया के मरीज के दवा लेने पहुंच रहे हैं। इससे स्कूली बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आज 8 लोग मलेरिया से पॉजिटिव पाये गये साथ ही सर्दी, खांसी, सामान्य बुखार एंव उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या भी बढ गई है।



इस सबंध में बीएमओं डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने बताया कि बरसात के मौसम में ऐहतियात बरतने की जरूरत है। घर के आसपास गंदे पानी का जमाव न होने दें, जिससे मच्छर न पनपे। उन्होंने बताया कि पिछले चार पांच दिनों से बुखार और मलेरिया के मरीज पहुंच रहे हैं। अभी स्थिति ठीक है, दवा दिया जा रहा है। साथ ही गांव गांव लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। सभी उपस्वास्थ्य केन्द्रों में भी पर्याप्त दवा उपलब्ध करा दी गई है।

## आजीविका ऋण मेला का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय गरियाबंद के सामुदायिक भवन में 11 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आजीविका ऋण मेला का आयोजन किया जाएगा।

आजीविका ऋण मेला में हितग्राहियों को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही स्वसहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज, शासकीय एवं स्वरोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरुकता, मुद्रा योजना का विस्तार सहित नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन कराने की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आजीविका ऋण मेला में अधिक से अधिक हितग्राहियों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए ऋण सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि
**पाठक सूचना**
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

**सीताफल, नारियल सहित अन्य फलदार पौधे लगाए गए**

## 'बिजली स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पर' किया पौधारोपण

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



- वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है : पूरन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में एक पेड़ मां के नाम के संदेश के साथ पौधारोपण किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ देमीन पीलाचंद मांडले सरपंच ग्राम पंचायत बिजली ने सीताफल पौधा लगाकर किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा शाला परिसर में नारियल, पाम, आँवला, नींबू, गुलमोहर, बरगद, पीपल, कटहल, अमरुद एवं बादाम के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा की वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे।अगर समय रहते ही प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालों को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्रकृति को बचाने के लिए आम लोगों को प्रकृति की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। पेड़ हमें जीवन के लिए ऑक्सीजन,खाने के लिए फल और गर्मी में छाया प्रदान करती है।वहीं पेड़ पर्यावरण संरक्षण के साथ माँ की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा। दिनेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि पेड़ पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण होते हैं।हमें पेड़ पौधे लगाने के साथ–साथ उनकी सुरक्षा व संरक्षण भी करना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना जरूरी है।

**ये रहे उपस्थित–**

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि पीलाचंद मांडले,संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेंद्र कुमार साहू,रेखा सोनी,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,नकुल राम साहू,रुद्र प्रताप साहू,क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98261-96073

**खबर संक्षेप**

## पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश आज जिला प्रवास पर



**गरियाबंद।** प्रथम पंचायत मंत्री एवं पूर्व विधायक राजिम अमितेश शुक्ल 11 जुलाई को गरियाबंद में रहेंगे। श्री शुक्ल का गुरुवार को अपरान्ह 3 बजे सर्किट हाउस गरियाबंद में आगमन होगा। इस दौरान वह गरियाबंद के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने संबंधी विषयों पर चर्चा करेंगे। गरियाबंद की समस्याओं से अवगत होंगे। इस दौरान नगर पालिका के पार्षद पूर्व एल्डरमैन पूर्व पार्षद समस्त प्रदेश पदाधिकारी शहर एवं ब्लॉक पदाधिकारी वार्ड पदाधिकारी एवं सभी सदस्यगण महिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं सदस्यगण सेवादल युवा कांग्रेस एनएसयूआई किसान कांग्रेस असंगठित क्षेत्र जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ अल्पसंख्यक विभाग अनुसूचित जाति जनजाति विभाग पिछड़ा वर्ग विभाग झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ बुथ अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष जोन अध्यक्ष एवं सदस्यों एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के सदस्य खास तौर से मौजूद रहेंगे।

## जिला पंचायत सभापति ने किया पंचायत कार्यों का निरीक्षण



**मैनपुर।** भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत सभापति श्रीमती धनमती यादव का सघन दौरा एवं पंचायत कार्यो का निरीक्षण किया। जिसमें कई ग्राम पंचायतो के संरपच एवं सचिव की अकर्मण्यता एवं काम के प्रति संवेदनशीलता नही होने के कारण काम आज भी अधूरा है।विकास कार्य थम सा गया है। क्षेत्र के विकास में विषम परिस्थितीया निर्मित हो गई है। उन्होने इस संबंध में जिला कलेक्टर, सीईओ एवं जनपद सीईओ को पत्र लिख कर अधूरे काम को पूरा करवानेनिवेदन किया है। उन्होंने कहा है कि अतिशीघ्र प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा तथा प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल से मिलकर क्षेत्र के विकास में सहयोग करने की माँग करेगी। निरीक्षण के दौरान सरंपच ओमकार राम सिन्हा सहित ग्राम निवासी मौजूद रहे। ग्राम पंचायत नवागाँव में नाली निर्माण जिला पंचायत के 15 वें वित्त की राशी 3.60 लाख से दो माह पूर्व नाली निर्माण किया गया था, वो पूरी तरह धस गया है। ग्राम पंचायत के उपसरंपच परमेश्वर यादव साथ रहे।

## छांटा में हुआ पौधारोपण



**राजिम।** छांटा गांव के शीतला मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण करने फेविकोल चैंपियन क्लब के अध्यक्ष रामकुमार साहू, सरपंच भावेश दिवाकर,दिनेश साहू ,राम ध्रुव ,अशोक साहू, दशरथ साहू,भानु साहू,दीनदयाल साहू,वसुदेव,कमलेश ध्रुव,रोशन साहू,संतोष यादव,गोविंद साहू,भोला साहू,गोपाल साहू,डोगेश साहू,श्याम साहू,आकाश यादव,जागेश्वर साहू,रितेश साहू,प्रेम साहू,बसंत साहू पहुंचे। यहां पर 10 अशोक पेड़ के पौधे रोपे गए।

## सिंघी में किसान के घर से 95 हजार की चोरी

**महासमुंद।** मूंगफली बोने घर के पीछे भर्री गए किसान दंपत्ति के घर से सोने-चांदी और नगद रकम की चोरी हो गई। मामला खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघी का है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद जांच-विवेचना शुरू कर दी है। खल्लारी पुलिस ने बताया कि ग्राम सिंघी के पेशे से राजमिस्त्री और किसान टम्मनलाल निषाद पिता कुलश निषाद के घर से सोने चांदी के जेवरात समेत नगद रकम की चोरी हो गई। 8 जुलाई की दोपहर प्रार्थी और उसकी पत्नी मोतीन निषाद घर में ताला लगाकर घर के पीछे भर्री में मूंगफली को बुआई करने चले गए। पुलिस ने बताया कि शाम को करीबन 5 बजे पीलादाउ निषाद ने आकर किसान को बताया कि घर का दरवाजा खुला हुआ है।

# शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में किया गया एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा



छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आहवान पर आज पूरे प्रदेश में माँ के नाम एक पेड़ के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत के आदेश पर शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के पूजा अर्चना के साथ हुआ। पूजा अर्चना पश्चात शाला परिसर में अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया गया जिसमें,आम,नींबू,अमरूद ,सीताफल का पौधा लगाया गया। कार्यक्रम में सरपंच मोहन लाल साहू मुख्य अतिथि के रूप में एवं अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष वेदलता गोस्वामी एवं विशेष अतिथि के रुप मे पालक सदस्य इंद्राणी साहू ,मनीषा साहू ,गोदावरी साहू उपस्थित रहे।कार्यक्रम के संचालन करते हुए संस्था के प्रधान पाठक राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी द्वारा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के विशेष अभियान पर चलाये जा रहे वृहद वृक्षारोपण अभियान माँ के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए पेड़ लगाने से होने वाले विभिन्न लाभों से बच्चों को अवगत कराया गया। पेड़ से हमे शुद्ध हवा, इमारती लकडी, फल ,फूल,औषधीय आदि प्राप्त होते है जो जीवन के लिए बहुत ही अनमोल है आप सभी बच्चे अपने घर मे स्थित बाड़ी में जाकर आज एक फलदार पौधा जरुर लगाए। जिससे कि हमे पर्यावरण से शुद्ध हवा प्राप्त हो सके।जो पेड़ लगाएंगे उनको बड़े होते तक देखभाल कर जैसे एक अपने बच्चे का देखभाल करती है।सरपंच मोहनलाल साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा बहुत ही अच्छा योजना माँ के नाम एक पेड़ लगाओ वृक्षारोपण के योजना लाया गया जो बहुत काबिले तारीफ है । बच्चों को इस योजना से एक नया संस्कार मिलेगा की पेड़ का भी हम बच्चों की तरह परिवरिश करे। कार्यक्रम को वेदलता गोस्वामी एव इंद्राणी साहू ने भी सम्बोधित किया। आभार व्यक्त वरिष्ठ शिक्षक टीकूराम ध्रुव द्वारा किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिक्षक लाल जी सिन्हा, रेखराम निषाद,प्रदीप कुमार साहू, टीकूराम ध्रुव,भागचंद चतुर्वेदी पालक गण मोहन लाल साहू,भगवती साहू,पंचों बाई साहू,वेदलता गोस्वामी, इंद्राणी साहू,मनीषा साहू गोदावरी साहू,सनत साहू,वेदांत सेन पेशान्त साहू,भावेश यादव,लक्की यादव,लुप्तांजली गोस्वामी ,कुमुद साहू,ठामेश्वरी साहू, राधिका यादव सहित आज 96 बच्चे उपस्थित रहे।

## उद्यानिकी विभाग और जनपद पंचायत के प्रयास से रानीपरतेवा में ब्लॉक प्लांटेशन



**छुरा।** कलेक्टर गरियाबंद एवम सीईओ जिला पंचायत के निर्देशन में विकास खंड स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम ग्राम पंचायत रानीपरतेवा में रखा गया। उक्त पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत कृषि सभापति प्रह्लाद यदु ने किया। जिला स्तर के अधिकारी एलेन मिंज श्रम अधिकारी, उषा ध्रुव सहायक पंजीयक, आलोक वशिष्ठ सहायक संचालक मत्स्य, एस के वर्मन कार्यपालन अभियंता, खेलन सिंह नायक , रविंद्र ठाकुर जिला परिवहन अधिकारी, महेश पैकरा सहायक संचालक कृषि, पुनीत सिरमौर एसडीओ ,सरपंच केशरी ध्रुव, जनपद सीईओ आर के ध्रुव,उद्यान अधीक्षक सुनील कुमार,कार्यक्रम अधिकारी नरेगा कपिल नायक,सुभाष निर्मलकर बीपीएम कौशल साहू प्रक्षेत्र सहायक ,पंचगण तथा वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस वृक्षारोपण में 350 फलदार पौधों का रोपण किया गया जो भविष्य में ग्रामवासियों को फल और ऑक्सीजन प्रदान करके में मददगार साबित होगा।

## लोहरसी आंगनबाड़ी परिसर में पौधारोपण हुआ



**कोपरा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के ड्रीम योजना मां के नाम एक पेड़ लगाओ अभियान के तहत क्षेत्र के लोहरसी आंगनबाड़ी केंद्र परिसर पर नवविवाहित महिलाओं व गर्भवती महिलाओं ने पौधारोपण किया। पौधारोपन कर महिलाओं ने उनके देखभाल का संकल्प लिया और कहा सभी व्यक्तियों को पौधारोपण कर उनकी देखभाल करना चाहिए। मुख्यमंत्री के योजना मां के नाम पर एक पेड़ महिलाओं द्वारा लगाया गया। इस दौरान सुलोचना साहू, कोसमी तिवारी, तृप्ति साहू सहित अन्य महिलाए मौजूद रहे।

## शासकीय हाईस्कूल तरीघाट में लगाए गए पौधे



**कोपरा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के ड्रीम योजना माँ के नाम एक पेड़ लगाओ अभियान के तहत आज शासकीय हाईस्कूल तरीघाट में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष चिमन लाल वर्मा ,सदस्य रघुनाथ चतुर्वेदी प्राचार्य पवन कुमार साहू शिक्षकों एव बच्चों के उपस्थित में शाला परिसर में पौधारोपण किया गया। चिमन लाल वर्मा द्वारा विष्णु देव साय द्वारा बच्चों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे योजनाओं का प्रसंशा कर विद्यालय शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। उनके प्रयासों के लिए शिक्षकों के कार्य को सराहा गया।कार्यक्रम मे व्याख्याता झुमुकलाल साहू,पुष्पा कंवर,नीतू शाह,जागेन्द्र साहू सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## सामाजिक आंकेक्षण पर कार्यशाला का आयोजन



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय जनपद पंचायत मैनपुर सभागार में आज बुधवार को मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम के अध्यक्षता में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2019–20 एवं 2022–23 में क्रियान्वित कार्यों का सामाजिक आंकेक्षण ईकाई द्वारा आंकेक्षण कार्य पश्चात संबधित ग्राम पंचायतो की ग्राम सभा द्वारा अनुसंशित निष्कर्षों के निराकरण के लिए निकासी बैठक का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत मैनपुर के 30 ग्राम पंचायतों का संपन्न हुआ। मनरेगा सामाजिक अंकेक्षण का निकासी बैठक हुई। सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया के सामाजिक और नैतिक प्रदर्शन को मापने, समझने, प्रेषित करने और अंततः सुधारने का एक तरीका है। यह दक्षता और प्रभावशीलता, लक्ष्य और वास्तविकता के मध्य उत्पन्न अंतराल को कम करने में सहायक है। यह संगठन के सामाजिक प्रदर्शन को समझने, मापने, सत्यापित करने, प्रेषित करने और सुधारने की एक तकनीक है। यह एक स्वतंत्रत संस्था द्वारा किया जाता है इस मौके पर जनपद पंचायत मैनपुर की सीईओं अंजली खलखों, मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेंश कंवर, एडिशनल सीईओं नागंवशी, सरपंच बलदेव राज ठाकुर, प्रेम धुरव, दुलिया ठाकुर, त्रिवेण नागेश, खेलन दीवान, दशरू जगत, उपेन्द्र नागेश, हीना नेताम, ओमप्रभा वट्टी, पवन देवांगन एंव 30 ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित थे।

## हरिहर में 18 और श्रीराम जानकी स्कूल में 7 मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान



**नवापारा-राजिम।** सालासर सुन्दरकाण्ड जनकल्याण समिति द्वारा शहर के हरिहर उच्चतर माध्यमिक शाला में 18 एवं श्रीराम जानकी उच्चतर माध्यमिक शाला में 7 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान 21- 21 सौ रुपए नकद एवं टीफिन बॉक्स, पानी बॉटल, कॉपी तथा सालासर बालाजी की तस्वीर देकर किया गया।

सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में हरिहर स्कूल से कक्षा 10वीं के चैतन्य निषाद, हर्षल देवांगन, सृष्टि यदु, श्रेया हिरवानी, पवन पटेल, चंद्रप्रकाश साहू, गुलशन, शेखर, देवकुमार। कक्षा 12वीं से गोपाल सोनकर, विवेक तुरकाने, कमलेश, सूरज कुमार, नेमीचंद, राजेश कुमार, नैना निषाद। श्रीराम जानकी स्कूल से कक्षा 10वीं के शुभम कंसारी, दिशा कंसारी, करणवीर सिंह, दिव्य प्रकाश साहू, 12वीं के भूमिका सोनकर, शिवम कंसारी शामिल हैं जिन्हें सम्मानित किया गया। बता दें कि बोर्ड की कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सभी छात्र-छात्राएं 80 से 90 फीसदी अंक लेकर उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राएं हैं। बच्चों के सम्मान करने का यह सिलसिला सालासर जनकल्याण समिति द्वारा शहर के कई स्कूलों में किया गया है और किया जा रहा है। समिति के

संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि बच्चों का यह सम्मान उनके उत्साहवर्धन के लिए किया जा रहा है, ताकि सभी स्कूलों के बच्चे अच्छी पढ़ाई करें। बताया कि आने वाले सत्र में भी मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। हरिहर स्कूल के प्राचार्य संध्या शर्मा एवं श्रीराम जानकी स्कूल के प्राचार्य निखिल दास ने सालासर समिति के इस प्रशंसनीय कार्य की सराहना की है। इस अवसर पर समिति के संस्थापक राजू काबरा, धरम साहू, पवन यदु, सुमित पंजवानी, नंन्दकिशोर राठी, रूपेंद्र चन्द्राकर, खिलेश पैगम्बर, राजकुमार यादव, सुमित पंजवानी, वीरू नागवानी, लक्ष्मण सोनकर, संतोष ताम्रकार, भोजराज चंदनकर, कमल देवांगन, गौतम यादव, शेखर सुमन देवांगन, खिलेश कुमार साहू, पूनम कंसारी, संजय कंसारी, कपिल बांसवार, मोहन निषाद, आरती साहू, गायत्री कंसारी, पुनेश्वरी साहू, विनय टंडन, मीनाक्षी साहू, सुलेखा टंडन नेहा कंसारी के अलावा विद्यालयीन कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सुरसाबांधा में छात्राओं को साइकिल वितरण





**राजिम।** शासकीय हाई स्कूल सुरसाबांधा के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष चेमन साहू ने छात्राओं को साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधक समिति के सदस्य गौतम साहू, मनीष साहू,चमन साहू, नोहर वर्मा, जितेन्द्र साहू, प्रेमन साहू, तुकाराम पटेल, टुमन साहू, अश्वनी साहू, लुमाश साहू, गोपी यादव, प्राचार्य रंभा ध्रुव मौजूद थे।

## एक पेड़ मां के नाम आश्रम में विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने किया पौधों का रोपण



**मैनपुर।** विकासखण्ड के ग्राम धुरवागुड़ी स्थित अनुसूचित जाति बालक आश्रम में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर एक पेड़ मां के नाम के तहत 13 पौधे लगाये गये। इसमें पांच आंवला, पांच काजू, तीन गुलमोहर का पेड़ शामिल हैं। इस दौरान आश्रम अधीक्षक हरलाल नायक, प्रधान पाठक पीलाराम नाग, शिक्षक आंनद कुमार साहू एवं छात्र और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जेंजरा में लगाए गए पौधे

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे जरूर लगाएं उसकी सुरक्षा करें और धरती का करें श्रृंगार



**कोपरा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत के मार्गदर्शन व डीओसी स्काउट आशीष साहू,डी ओ सी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में रथयात्रा के पावन अवसर पर जिला स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जेंजरा में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ।

तत्पश्चात सभी उपस्थित अतिथियों का स्कार्फ लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव रोमन लाल साहू ने किया. इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त बैशाखू राम साहू ने कहा कि जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को बचाने के लिए एक पेड़ मां के नाम के माध्यम से पौधे लगाने की अपील की है। पर्यावरण के संरक्षण हेतु पेड़ पौधे जरूर लगाना चाहिए। पूर्व जिला आयुक्त डॉ. रामकुमार साहू ने कहा कि वृक्ष के बिना जीवन असंभव है। आज पूरे जिला प्रांत,राज्य एवं देश में पौधारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। पेड़ पौधों से हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है जो हमें जीवित रखने के लिए बहुत आवश्यक है। पेड़ पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण और संवर्धन जरूरी है। जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू ने कहा कि पेड़ पौधे प्रकृति के अनमोल उपहार है। आज लगातार वृक्षों की कटाई होने के कारण प्रतिवर्ष गर्मी बढ़ती जा रही है एवं पर्यावरण का संतुलन बिगड़ते जा रहा है. जितनी जरूरत हमें सांस लेने की है उतनी आवश्यकता पेड़ लगाने की है. यदि सभी व्यक्ति पेड़ पौधे लगाकर की इनकी संरक्षण करें तो ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी।

क्योंकि पेड़ पौधे वातावरण को शुद्ध रखते हैं। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि पेड़ पौधे सूर्य, वर्षा और हवा के प्रभाव को कम करके जलवायु को नियंत्रित करते हैं. सभी व्यक्ति को रचनात्मक कार्य करते हुए वृक्षारोपण कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता जरूर निभाएं। डॉक्टर करुणा मसीह राज्य संगठन आयुक्त ने कहा कि वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करना हर इंसान की नैतिक जिम्मेदारी है। हीरामणि साहू सरपंच ग्राम पंचायत जेंजरा ने कहा कि स्काउट गाइड का मुख्य उद्देश्य चरित्र निर्माण करना है। आभार व्यक्त सीमा साहू डी ओ सी गाइड ने किया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर प्राचार्य आर. के. वर्मा,विकासखंड सचिव एस एस कंवर,प्रेमलाल साहू आजीवन सदस्य नूतन साहू,कमलेश साहू टेक्निकल प्रभारी चैतन्य यदु, जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल, दुष्यंत वर्मा,त्रिलोक साहू, जालम साहू, व्याख्याता टीकम चंद साहू, महेंद्र साहू, अशोक पुर्रे, टिकेश्वर चक्रधारी, प्रभा चंद्राकर, प्रधान पाठक अनिता साहू,विजय साहू,एन सिंह साहू, मोरध्वज साहू,चंद्रहास सिंह राजपूत से. नि.प्र.पा.आशीष सेन समन्वयक उपस्थित थे.

## प्री मैट्रिक छात्रावास और हाईस्कूल में रोपे पौधे



**रसेला।** प्री मैट्रिक छात्रवास और शासकीय हाईस्कूल रसेला में एक पेड़ मां के नाम की थीम पर पौधारोपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम के संदेश को चरितार्थ करते हुए इस संस्था द्वारा पौधारोपण किया गया।

जिसमें विघालय के छात्र छात्राओं के साथ सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, भाव सिंह मरकाम, अधिक्षक शत्रुताम कुंजाम, हाईस्कूल में अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, ग्राम पटेल लोकराम यादव, कमलेश्वर नामक, प्राचार्य शिशुपाल कुर्रे, देवलाल बारिक, कृष्णा चक्रधारी, लोकराम ध्रुव, झवर अग्रवाल, तुलसी कुर्रे, सिया कोमर्रा, पदमनी यादव, नारद कमार, अशवत सेन, हबीब खान, सदाराम निषाद, धनेश्वर दास सहित शिक्षक शिक्षिकाए व पालकगण और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# चुनाव के बाद 20 से 30 फीसदी बढ़ी महंगाई, रसोई का बिगड़ा बजट, आम आदमी बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खाद्य वस्तुओं के लगातार बढ़ रहे दामों से आम आदमी बेहद परेशान है। लोगों का कहना है कि आखिर कब तक उन्हें महंगाई के 'चाबुक' की मार सहनी पड़ेगी।

बीते कुछ महीनों में महंगाई ने घरों की बजट बिगाड़ दिया है। पहले से ही महंगाई से बेहाल आम आदमी को चुनाव के बाद जोर का झटका लगा है। लोकसभा चुनाव के बाद बीस से तीस फीसदी तक कीमतें बढ़ गई हैं। ज्यादा परेशानी रसोई के सामान को लेकर हो रही है। इसकी लगातार बढ़ती कीमत के कारण आम आदमी के घर के बजट में 50 फीसदी तक का इजाफा हो गया है।

हर माह किसी न किसी सामान चावल की कीमत में इजाफा हो रहा है। बाद 10 से 12 रुपए रुपए किलो तक का इजाफा हो गया है। इसी के साथ दूसरे सामान की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। दूध, दही, पनीर, सब्जी से लेकर मोबाइल का रीचार्ज, बिजली भी महंगी हो गई है। घर बनाना भी महंगा हो गया है। बिल्डिंग मटेरियल की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। इस बात की चर्चा तो पहले से ही थी कि लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद कई। चावल की कीमत में लगातार इजाफा हो रहा है। अब तो खुले बाजार में मोटा चावल थोक में 40 रुपए और चिल्हर में 45 रुपए किलो हो गया है। जहां तक पतले चावल का सवाल है को अब कोई भी पतला चावल 70 रुपए किलो से कम का नहीं है। काली मूंछ केसर मलाई चावल थोक में 62 से 65 रुपए हैं। जहां तक चिल्हर का सवाल है, तो चिल्हर यह 68 से 70 रुपए तक बिक रहा है। इसी तरह से एचएमटी चावल थोक में 50 से 58 और चिल्हर में 55 से 65।

अरहर दाल की कीमत फिर आसमान पर चली गई है। चुनाव से पहले इसकी कीमत अच्छी क्वालिटी की 160 रुपए थी जो अब 190 से 200 रुपए हो गई है। साल के प्रारंभ में अच्छी क्वालिटी की दाल 140 रुपए में मिल रही थी। चुनाव से पहले इसकी कीमत में 20 रुपए का इजाफा हुआ और अब तक 40 रुपए का इजाफा हो गया है। अन्य दालों की बात करें तो मूंग दाल चिल्हर में 140 से 150 रुपए और उड़द दाल धुली 160 रुपए किलो है।

देशी चना थोक में 70 से 75 और चिल्हर में 90 रुपए किलो बिक रहा है। काबुली चना 180 रुपए किलो हो गया है। मटर थोक में 80 से 85 और चिल्हर में 95 से 100 रुपए किलो बिक रहा है। सभी तरह की दालों की कीमत चुनाव के बाद 10 से 20 रुपए बढ़ गई है।

### प्याज की कीमत भी चिल्हर में 40 रुपए

जय श्री राम चावल थोक में 60 से 65 और चिल्हर में 68 से 70 रुपए। है। जवां फूल चावल थोक में 74 से 80 और चिल्हर में 85 से 90 रुपए है। बासमती चावल की कीमत थोक में 90 से 140 और चिल्हर में 100 से 160 रुपए है। ज्यादातर चावलों की कीमत चुनाव बाद 10 से 12 रुपए प्रति किलो बढ़ गई है। आमतौर पर आलू की कीमत चिल्हर में 15 से 25 रुपए के बीच रहती है, लेकिन चुनाव के बाद इसकी कीमत में पहली बार बड़ी तेजी सामने आई है। इसकी कीमत थोक में 25 से 28 और चिल्हर में 35 से 40 रुपए हो गई है। इसकी कीमत का चिल्हर में कोई माई-बाप नहीं है। जिसकी जितनी मर्जी उतने में बेच रहा है। प्याज की कीमत भी चिल्हर में 40 रुपए हो गई है। प्याज चुनाव के पहले 20 रुपए किलो था।



### मसालों की कीमत भी लगातार बढ़ रही

किचन के सामानों में मसालों की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। मसालों की कीमत में 25 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। हालांकि अब जीरा 800 रुपए से कम होकर 440 रुपए पर आ गया है। लेकिन यह कीमत अब भी डबल से ज्यादा है, क्योंकि जीरा कभी 200 रुपए किलो से ज्यादा नहीं जाता था। इलायची की कीमत में अचानक 15 सौ रुपए की तेजी आई है। 25 सौ वाली इलायची चार हजार रुपए किलो हो गई है। लहसुन की कीमत चिल्हर में 300 रुपए हो गई है। सब्जियों की कीमत भी आसमान पर है।

## खबर संक्षेप

### कन्या हाईस्कूल परसदा खुर्द में रोपे गए 30 पौधे



**मुड़ागांव(कोरासी)।** एक पेड़ मां के नाम शासकीय कन्या हाईस्कूल परसदा खुर्द में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के थीम के तहत एक पेड़ मां के नाम से 10 जुलाई को शाला परिसर में पौधारोपण किया गया । संस्था में के एल मातावले विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरा, सरपंच ग्राम पंचायत परसदा खुर्द विष्णु राम नागेश ,पंचायत सचिव बोधन साहू द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य श्री उत्तम कुमार कुर्रे शाला विकास समिति के अध्यक्ष राधेश्याम यादव ,प्रकाश पटेल, घणाराम, सोहन ठाकुर, एवं शाला परिवार के सदस्य स्वाति वर्मा परमार ,सविता दीवान, सुनीता ध्रुव, देवराज दीवान, नम्रता निषाद ,प्रेमलाल सिन्हा, सुनील सोनेकर, परमेश्वरी यादव, टमन सिंह निर्मलकर, घनश्याम ठाकुर, मिथुन नेताम, के द्वारा 30 पेड़ मां के नाम से पौधारोपण किया गया। वृक्षारोपण उपरांत जनप्रतिनिधि शाला स्टाफ व छात्र-छात्राओं के द्वारा पौधों की रक्षा हेतु शपथ लिया गया।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा में किया गया पौधारोपण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के नव मनोनीत अध्यक्ष रामप्रसाद शांडिल्य द्वारा विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पंकज निर्मलकर, मंडल उपाध्यक्ष सोमन यदु, भाजपा मंडल संयोजक रमन नामदेव,विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लखन राम साहू ,विद्यालय के इको क्लब के प्रभारी सौरभ कुमार दुबे व्याख्याता एवं डी के साहू व्याख्याता ,सहित विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## निंधन

### वेदबती सिन्हा



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से पांच किलोमीटर दूर ग्राम जिडार निवासी श्रीमती वेदबती सिन्हा पति स्वः चुन्नीलाल सिन्हा उम्र 90 वर्ष का बुधवार को दोपहर 12 बजे आकस्मिक निधन हो गया। लंबे समय से वेदबती सिन्हा अस्वस्थ चल रही थीं। अंतिम यात्र में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

### नई व्यवस्था: मीटर पर पुष्प माला पहनाकर किया स्वागत

# स्मार्ट मीटर लगना शुरू जितने का रिचार्ज उतनी ही बिजली की अब कर सकेंगे खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





मोबाइल की तरह अब बिजली भी रिचार्ज करने से मिलेगी। पूर्व में बिल आने के बाद उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान करते थे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद एडवांस में उपभोक्ताओं को रिचार्ज करना होगा। शुरुआत में प्रथम चरण के तहत शहर के घरेलू व व्यावसायिक कनेक्शन लगाए जा रहे हैं।

स्मार्ट मीटर लगने के बाद वे जितने का रिचार्ज करेंगे, उतना ही बिजली का उपयोग कर सकेंगे। अधिकतम 300 बकाया तक उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। बाद स्वतः स्मार्ट मीटर से ही कनेक्शन विच्छेद हो जाएगा। उन्हें मीटर से आगे लाइन सप्लाई नहीं होगी। रिचार्ज करने के बाद पुनः बिजली का उपयोग कर सकेंगे।

> ■ रीडिंग व बिजली बिल की समस्याओं से मिलेगा छुटकारा

10 जुलाई से गढ़िया पारा स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिल रीडिंग, बिल की शिकायत की समस्या अब दूर होगी। स्मार्ट मीटर लगने के बाद ना तो रीडिंग लेने की आवश्यकता होगी और न ही बिजली के बिल संबंधित कोई शिकायत होगी। इन दोनों से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और मोबाइल से ही रिचार्ज कर बिजली उपयोग कर सकेंगे। 300 रुपए तक के बिल व बिना उपयोग के लगभग दो माह तक उपभोक्ताओं को बिल नहीं पटाने पर भी राहत मिलेगी, कनेक्शन नहीं कटेंगे। रिचार्ज समाप्त होने के पहले ही उपभोक्ताओं के मोबाइल में मैसेज भी आ जाएगा। जिससे अगले माह के लिए रिचार्ज कर सकेंगे। उपभोक्ता घर में नहीं रहने से स्मार्ट मीटर में बीपी नंबर के साथ मोबाइल नंबर ऐड करने व अन्य प्रक्रिया के लिए बिजली विभाग के कर्मचारियों को असुविधा हो रही है। समय अधिक लग रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद डिजिटल इंडिया के तहत स्मार्ट मीटर लगने के बाद एक्टिव होते ही उपभोक्ताओं को रिचार्ज करना होगा। उपभोक्ताओं के पुराने मीटर में जिस तरह से खपत के आधार पर बिजली बिल आते थे, उसी आधार पर रिचार्ज करेंगे। अगर महीने का रिचार्ज से अधिक का पेमेंट करने पर अगले माह के बिल में कम रिचार्ज करवाना होगा। लेकिन, बिजली का उपभोक्ताओं और बिजली विभाग के कर्मचारी-अधिकारियों को बिजली बिल से संबंधित सभी समस्या से छुटकारा मिलेगा। जिससे समय और पैसे की भी बचत होगी। पहले बिल सुधारने के लिए बिजली ऑफिस पहुंचते थे। इसके अलावा बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन लगाकर बिल त्रुटि होने की जानकारी देते थे। इन सब समस्या का निदान होगा। विभाग के कर्मचारियों को उपयोग करने के पहले ही उपभोक्ताओं को मोबाइल नंबर की तरह उपभोक्ता नंबर का रिचार्ज करवाना होगा। अगर किसी कारण से घर से बाहर रहना पड़ा या बिजली का उपयोग नहीं हो रहा है, तब की स्थिति में स्मार्ट मीटर में भी उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। वे 300 बिल तक उनके कनेक्शन नहीं कटेंगे।

### स्मार्ट मीटर लगने से नहीं बदलेगा बीपी नंबर

एक मीटर लगाने में 20 से 30 मिनट का समय लग रहा है। प्रशिक्षण भी दिया जा रहा हैं, प्रथम दिवस गढ़िया पारा में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। पावर कनेक्शन को छोड़ सभी घरेलू व व्यावसायिक कनेक्शन धारी उपभोक्ताओं के पुराने मीटर के बदले स्मार्ट मीटर लगेगा। उपभोक्ता दो माह तक का भी उनका कनेक्शन नहीं कटेगा। वर्तमान में लग रहे स्मार्ट मीटर जब तक प्रथम चरण के तहत पूरे नगर में नहीं लग जाता, तब तक वह चालू नहीं होगा। चालू होने के पूर्व तक पुराने पैटर्न में ही बिल आएगा। स्मार्ट मीटर लगते ही पुराने मीटरों को निकाला जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल कई महीनों का बकाया है, उन्हें स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बीपी नंबर नहीं बदलेगा। जिस तरह से मोबाइल के रिचार्ज की एक्सपायरी की जानकारी हमें मोबाइल से ही मिल जाती है।

ठीक उसी तरह बिजली की रिचार्ज की जानकारी मिल जाएगी और उपभोक्ताओं पता चल जाएगा कि उनके बीपी नंबर में कितने का रिचार्ज है और कब रिचार्ज करना है। प्रत्येक उपभोक्ताओं का 30 दिन का ही बिल आएगा और रीडिंग झंझट व बिल फाल्ट की समस्या से निदान मिलेगा। स्मार्ट मीटर चालू होते। अब कोई कर्मचारी बिल देने किसी भी उपभोक्ता के घर नहीं जाएंगे। मोबाइल ही उपभोक्ताओं को एडवांस में बिजली बिल का पेमेंट करना होगा।

### एडवांस में करना होगा भुगतान

बिजली विभाग के सहायक अभियंता उमेद सिंह दीवान ने कहा कि प्रथम चरण के तहत शहर में घरेलू व व्यवसायिक मीटर के बदले स्मार्ट मीटर लगाया जा रहे हैं। जब तक सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर नहीं लग जाते, तब तक स्मार्ट मीटर चालू नहीं होगा। पुराने पद्धति से ही बिल पटाना होगा। जिनका बकाया बिल ज्यादा है, उन दो माह का बिल पटाने समय दिया जाएगा। उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर एडवांस में बिल का भुगतान करना होगा। जितना उपयोग करेंगे वे उतना ही बिल पटाएंगे।

### स्मार्ट मीटर लगते ही नहीं लगेगी सुरक्षा निधि

अभी तक उपभोक्ताओं का ढाई माह का बिजली बिल का सुरक्षा निधि के तौर पर विभाग राशि जमा करती थी। स्मार्ट मीटर चालू होते ही वह उपभोक्ता के प्रीपेड में रिचार्ज होगा और उपभोक्ताओं को सुरक्षा निधि जमा करना नहीं पड़ेगा। दो माह से अधिक समय के लिए अस्थाई कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को भी स्मार्ट मीटर दिए दो माह तक के अस्थाई कनेक्शन लेने वालों उपभोक्ताओं को पोस्टपे मीटर मिलेगा। इसके अलावा रिचार्जर समाप्त होने के पहले उपभोक्ताओं मोबाइल में रिचार्ज करवाने संबंधि मैसेज भी पहुंचेगा। जिससे उन्हें जानकारी हो जाएगी कि अब उन्हें बिजली बिल का भुगतान करना हो

# बेलटुकरी स्कूल में पौधारोपण किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

एक पेड़ मां के नाम थीम पर शास प्राथमिक एवं पूर्व माध्यामिक शाला बेलटुकरी में जनप्रतिनिधियों ,शाला समिति के पदाधिकारियों,शिक्षक व बच्चो के द्वारा काजू, बादाम , जामुन, बेल, आंवला,नींबू,अमरूद फलदार पौधारोपण तथा खेलकूद किया गया। कार्यक्रम में बीआर हिरवानी ,रिसपाल साहू,युवराज देवांगन, पिंगला विश्वकर्मा, एन आर सेन,बासन खड़िया,अरुण प्रजापति,रेखू साहू,सविता गुप्ता, भगवती पटेल, जीतेश्वरी श्रीवास मौजूद थे।

# भेण्डरी में पौधारोपण हुआ



नवापारा-राजिम। एक पेड़ मां के नाम के तहत शहीद बलराम सिंह ध्रुव शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल भेण्डरी में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रहलाद ध्रुव, उपसरपंच सेवक बांधे, रोहित पटेल , ओंकार साहू, हेमंत साहू, डॉ. चुम्मन साहू, भितेद्र नगारची, रेवा साहू, बखरिया साहू शामिल हुए। यहां हाईस्कूल एवं मिडिल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं की मौजूदगी में पौधारोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया गया।

# शिविर में किसान, ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का लिया आवेदन




**रसेला।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में रसेला क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु 8 जुलाई को ग्राम पंचायत रसेला में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के किसानों ने अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन तहसीलदार, आर आई छुरा शिविर में लिया गया। शिविर में कनसिघी के किसान बिग्रेद्र पिता ऐवन सिंह नागेश, हिराबतर से विजय कुमार पिता तिलक राम, छिंदौली, पड्रीरीपानी, के भी किसानों को ऋण पुस्तिका वितरण किया गया। इस शिविर में नक्शा बटाकन के 6 , फौती नामांतरण 03 ,वनपट्टा 06 , सीमांकन 02 ,नाम त्रुटि सुधार 01 , ऋण पुस्तिका के दूसरा प्रति के लिए 01 आवेदन किसानों द्वारा दिया गया। तहसीलदार रमेश मेहता ने राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिए वहीं कुछ ग्रामीणों के द्वारा अपनी समस्याओं को भी अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए ग्रामीणों और किसानों में उत्साह देखा जा रहा है। इस मौके पर आरआई खिलेश वर्मा , सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, सचिव भुनेश्वर ध्रुव, भुनेश्वर मरकाम, कोटवार जमुना बाई, ओमप्रकाश नागेश, देवलाल बारिक, टंकेश्वर सेन सहित आसपास के पंचायतों से किसान और ग्रामीण उपस्थित थे।

# हरिद्वार शांतिकुंज गायत्री परिवार के गुरुजन पहुंचे अमलीपदर स्कूल, दिया सेहत और सफलता का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विश्व भर में जाने जाने वाली सबसे बड़ी धार्मिक संस्था गायत्री परिवार आज के समय किसी पहचान की मोहताज नहीं है क्योंकि इसके विस्तार और एकता ,संगठन , विश्वनियता एक अलग ही स्थान है।

इन्होंने अपने संगठन का उद्देश्य मनुष्य जीवन की अहमियत और जीवन जीने की कला ,विज्ञान ,धार्मिक रूप से और नैतिक मूल्यों,शिक्षा , स्वास्थ्य को केंद्रित कर विश्व को सभ्य समाज का निर्माण की नींव रखीं इसी उद्देश्य को लेकर पहुंचे हायर सेकंडरी स्कूल अमलीपदर सबसे पहले गुरुजनों ने गायत्री मंत्र से



कार्यक्रम को संबोधित किया। उसके बाद सभी विद्यार्थियों को एवं शिक्षकों को सेहत से जुड़ी कुछ ऐसी महत्वपूर्ण बातें बताइए जिसमें पानी पीने तरीके के बारे में बताया और इसी के द्वारा कई बीमारियों का इलाज भी बताया जिसमें अंग्रेजी दवाइयां काम नहीं करती उसमें यह तरीके से पानी पीने से कई बीमारियां ठीक हो जाती है। विद्यार्थियों को उनसे जुड़े करियर के बारे में भी बताया और उन्हें मार्गदर्शन दिया। अपने गायत्री परिवार की संपूर्ण जानकारी दी एवं सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संस्कृति ज्ञान परीक्षा की गतिविधियों , इसकी महत्ता को बताया। सभी विद्यार्थियों को संस्कृति ज्ञान परीक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया।

### पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ लगाना आवश्यक : पुष्पा

# एक पेड़ मां के नाम, माता का स्वरूप मानकर की गई पौधों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शहर के वार्ड क्रमांक 14 पथर्रा के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शासन के आदेशानुसार बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया। सबसे पहले पौधों को माता का स्वरूप मानकर पूजा अर्चना की गई और उनके बड़े होते तक सुरक्षा की शपथ भी लिए गए। इस अवसर पर नगर पंचायत के सभापति पुष्पा गोस्वामी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम यह शब्द ही वृक्षों की भांति विशालता का परिचायक है। एक पौधा, जब पेड़ बनता है तो उनके छांव तले जीव जंतु सुख का अनुभव करते हैं इसके अलावा मनुष्यों के लिए तो यह वरदान स्वरूप है। पेड़ से ऑक्सीजन शुद्ध एवं ताजी हवा, फूल, फल, छाया, लकड़िया तथा कई प्रकार के फायदे दे जाते हैं। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। मां अपने बच्चों को संभाल कर रखती है ठीक इसी तरह से पेड़ हम सबको जीवन प्रदान करती है। इन्हें लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा में समय देना अर्थात अपने बच्चों को माता-पिता



जैसे समय देते हैं वैसे ही पौधों को बड़े करने में समय का दान जरूरी है।

**इनका रहा योगदान :** पौधारोपण करने में महिला मंडल अध्यक्ष अनिता यादव, ममता यादव, अन्नु पांडे, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल, किसान सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत साहू, प्रधानपाठक आलोक शर्मा, राधेश्याम साहू, वालिता, सुनीता, प्रेमलता, संतराम साहू, पांडे के अलावा महिला



मंडल,मोर्चा की बहनें तथा जागृति महिला समूह की बहनो का शानदार योगदान रहा।

### पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं: चंद्राकर

सभापति पूर्णिमा चंद्राकर ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। हमें सुखी रखने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। इन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आज लगातार वृक्षों की संख्या में कमी हो रही है। जिसके कारण हमें अनचाहे बीमारियों के जाल में फंसना पड़ रहा है। बड़ी-बड़ी बीमारियां मनुष्य को परेशान कर रही है इससे निजात पाने के लिए वृक्षों की अधिकता अत्यंत जरूरी है। हर गांव, शहर, गली, मोहल्ले तथा प्रत्येक घरों में पेड़ होना बहुत जरूरी है इससे ऑक्सीजन तो मिलेगा ही इसके अलावा कई फायदे भी होंगे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी पौधे रोपे। एक तरह से आज का यह कार्यक्रम यादगार कार्यक्रम के रूप में देखा जाएगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक स्कूल में यज्ञ कर मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**छुरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में शाला प्रवेशोत्सव यज्ञ कर बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, विशेष अतिथि खोलबाहरा निषाद संकुल समन्वयक छुरा, के के साहू प्राचार्य शा. कन्या उ. मा. विद्यालय छुरा एवं विद्यालय के संचालन समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ,पुष्पराज साहू उपस्थित रहे। विद्यालय में सभी बच्चों को पुस्तक एवं आरटीई के अन्तर्गत पढ़ने वालों को गणवेश एवं पुस्तक वितरण कर तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का संचालन समिति के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया, मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी ने कहा कि शिशु मंदिर अपने संस्कार और नैतिक शिक्षा के लिए जाना जाता है। आज सबसे ज्यादा आवश्यकता है बच्चों को नैतिक शिक्षा ,संस्कार की है, भारत में शिक्षा तो सभी जगह पर दिया जा रहा है किंतु आज समाज में इन दोनों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा इसके लिए शिशु मंदिर के शिक्षा को काफी महत्वपूर्ण बताया और अपने जीवन में अपना कर एक सफल जीवन जीने के लिए यह दोनों की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन ओम डहरिया द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा, आचार्य सेवक राम निषाद, टीकम मरकाम, हरीश शर्मा, किरण वर्मा, सीताचरण नेताम, अजयकान्त पाण्डेय, होरीलाल साहू, कविता यदु, टिकेश्वरी तारक, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, मैनाज बेगम, भारती यदु, सरस्वती सिन्हा, जया ध्रुव, पूजारानी खूटे, अल्का, हेमलता नाग, डिगेश्वरी एवं विद्यालय के भैया-बहनों आदि द्वारा कार्यक्रम को सम्पन्न बनाने में विशेष योगदान रहा।



### आचार्य भारती का गठन

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने आचार्य भारती का गठन किया गया। वार्षिक योजना के तहत सभी आचायों को दायित्व दिया गया। प्रार्थना प्रमुख किरण, सीताचरण, मनोज, अनुशासन प्रमुख-सीताचरण, शारीरिक प्रमुख टोमन, हरीश, परीक्षा-सेवक, सीताचरण, फर्नीचर-सीताचरण, मनोज, खेल-सेवक, भारती, मैनाज, बौद्धिक ओम, कविता, वाहन टीकम, टोमन, स्वछता हरीश, भारती, खोया पाया-टेकेश्वरी, मनोज, संस्कार केन्द्र-अजयकान्त, वस्तु भंडार ओम डहरिया, जन्म दिवस किरण, सरस्वती, बाल, किशोर भारती हरीश कन्या भारती, बालिका शिक्षा किरण, ओम, कविता, शिशु भारती भारती यदू, प्रचार-प्रसार सीताचरण, छात्रवृत्ति जाति-हरीश, होरीलाल, टोमन, सांस्कृतिक / उत्सव-सीताचरण, टीकम, टोमन, मैनाज, विद्युत कम्पयूटर-होरीलाल, जया, कार्यालय-टीकम मरकाम, होरीलाल, योग-मैनाज, सरस्वती, संस्कृत हरीश, सरस्वती, संगीत टीकम, सीताचरण, पूर्व छात्र-पूजारानी, जया, होरीलाल, संस्कृति ज्ञान देवपुत्र मैनाज, सीताचरण, स्वदेशी जागरण- जया, अल्का, चिकित्सा-जया, सरस्वती, पुस्कालय- सरस्वती, जल होरीलाल अंग्रेजी ओम, मनोज, टेकेश्वरी, आवर्ती वर्ग- हरीश, सीताचरण, पाली प्रमुख मैनाज, बागवानी टेकेश्वरी, विज्ञान कविता, जया, मैनाज, गणित सेवक, मनोज, पूजारानी, वैदिक गणित अजयकान्त, सेवक, जया, नैतिक, आध्यात्मिक-अल्का, जया को दायित्व दिया गया।

## खबर संक्षेप

### माता पहुंचनी पर आज शोभायात्रा

**नवापारा-राजिम।** गुरुवार को माता पहुंचनी का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें मां शीतला से जय सेवा समिति, बैरग के साथ शोभायात्रा सुबह 10 बजे निकाली जाएगी जो बस स्टैंड ,सदर रोड होते हुए बाबा हरदेवलाल मंदिर में पूजा पाठ करके गंज रोड होते हुए पुनः शीतला मंदिर में जाएगी। इस कार्यक्रम में बाबा हरदेव लाल मां शीतला जय सेवा समिति के अध्यक्ष पूरन लाल साहू, महेश निषाद, बिसाहू साहू, कमल कंसारी, रूपेंद्र चंद्राकर, त्रिलोक निषाद ,देवेंद्र साहू,ईश्वर साहू ,शिवदयाल, पंचू निषाद शामिल रहेंगे।

### सतनामीपारा रानीपरतेवा में लगाए फलदार पौधे



**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में पांच जून से शुरू किए गए, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला सतनामीपारा रानीपरतेवा में राधिका साहू प्रधान पाठक और हेमलता सिन्हा शिक्षिका, देवनारायण यदु शिक्षक व छात्र छात्राओं पौधारोपण किया। शाला परिसर में फलदार छायादार पौधा जिसमें आंवला, जामुन, बेल का पौधा रोपण किया और साथ ही उसके देख भाल के साथ पूर्ण सुरक्षा का भी जिम्मेदारी लिया ।

### दुकानदार से मारपीट

**महासमुंद।** उधार में सामान देने से मना करने पर किराना दुकानदार के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। बागबाहरा थाना अंतर्गत ग्राम सोहागपुर में हुई इस घटना को लेकर प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सोहागपुर नवागांव का निवासी आरोपी संतोष चंद्राकर पिता नोखेलाल नशे की हालत में नील सिंग दीवान पिता संतराम दीवान (36) के किराना दुकान उधार में सामान लेने पहुंचा था, जब दुकान संचालक ने सामान देने से मना किया तो आरोपी गालियां देने लगा और कुल्हाड़ी से वार करने का प्रयास किया, जिसमें दुकानदार बच गया, लेकिन आरोपी के कलाई में पहने चूड़े से बांये आंख में चोट आई है।

## गड़बड़झाला: बच्चों को हो रही परेशानी, मुख्यमंत्री ने जांच के दिए हैं निर्देश

# स्कूल जतन योजना का बंटाधार, जांच से पहले ही अफसरों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

राज्य सरकार ने स्कूल जतन योजना के तहत जर्जर स्कूल भवनों के मरम्मत के लिए गरियाबंद जिले को लगभग 90 करोड़ रुपए दिए गए थे। इसमें 1300 स्कूलों भवनों की मरम्मत की जानी थी।योजना की देखरेख करने वाले आरईएस विभाग डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजूद 536 भवन का कार्य ही पूर्ण करा पाई है।

■ योजना के सैकड़ों कार्य अधूरे, पूरे होने वाले भी स्तरहीन

आधी रकम आज भी खर्च नहीं की जा सकी है। जहां स्कूल भवन की मरम्मत की गई है, वह भी पहली बारिश में ही टपकने व रिसने लगे हैं। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पास पहुंची। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर मुख्यमत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत 2022-23 में मरम्मत योग्य शालाओं के जीर्णोद्वार एंव अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्यो की जांच शुरू कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिध्दार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी जिलों के कलेक्टर को उक्त योजना के तहत स्वीकृत कार्यों के औचित्य आवश्यकता पूर्णतः तथा निर्माणधीन कार्यों की स्थिति की विशेष समिति से जांच कराकर 15 दिवस के भीतर जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिसके बाद से संबधित विभाग और मनमाने तरीके से निर्माण कार्यो को अंजाम देने वाले कार्य एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा मामले में जांच के निर्देश के बाद संबधित विभाग के अधिकारियो और कार्य एजेंसियो में भारी बेचैनी देखने को मिल रही है। जिस निर्माण कार्य को एक वर्ष पूर्व कर चुके हैं, वहां आज निर्माण एजेंसी द्वारा कई स्थानों पर लीपा पोती करते नजर आए।



### जिले में कार्य की स्थिति

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबदं जिले के मैनपुर विकासखण्ड में 287 स्कूलों में से केवल 55 का ही मरम्मत कार्य हो पाया है। वही फिंगेश्वर ब्लॉक में 259 स्कूलों में 117 स्कूल की मरम्मत, देवभोग ब्लॉक में 192 स्कूल भवन में से 93 स्कूल के मरम्मत में 40.61 करोड़ रुपए खर्च किया जा चुका है। मैनपुर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के एसडीओ उत्तम चौधरी ने बताया कि मैनपुर ब्लॉक के 55 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 31 कार्य प्रगतिरत है तथा 197 कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है, जिसे एजेंसी परिवर्तन के लिए भेजा जा चुका है।



### मामले की निष्पक्ष जांच हो: विधायक जनक

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि स्कूल जतन योजना के तहत राज्य सरकार ने स्कूलों की मरम्मत के लिए गरियाबंद जिला को लगभग 90 करोड रुपए की राशि जारी किया गया है। लेकिन मैनपुर देवभोग विकासखण्ड क्षेत्र में निर्माण कार्य बेहद धीमा है। उन्होंने कहा कि संबंधित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य में रूचि ही नहीं ले रहे हैं। जिसके कारण आज भी सैकडों स्कूल भवन की मरम्मत नहीं हो पाई है। बच्चे जर्जर स्कूलों में पढ़ाई करने मजबूर हो रहे है। कई स्कूलों का निरीक्षण किया हूं, नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है। कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। विधायक ने कहा कि अब आगामी मानसून सत्र में स्कूल जतन योजना पर लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मांग करेंगे। श्री ध्रुव ने यह भी बताया कि पहले तो ठेकेदार की कार्य क्षमता के विपरीत भारी संख्या में काम थोपा गया, जिन्हें ज्यादा मार्जिंग की आस थी, वे भी काम छोडकर भाग खड़े हुए। बारिश के दिनों में अभी भी कई स्कूलों का मरम्मत कार्य जारी है, इससे कार्य गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ ही संबंधित शालाओं की शैक्षणिक कार्य और बैठक व्यवस्था प्रभावित हो रहा है।

## नगर पंचायत ने दर्रीपार सड़क मार्ग पर चलाया पौधारोपण अभियान



**फिंगेश्वर।** पौधारोपण अभियान के तहत नगर पंचायत द्वारा दर्रीपार वार्ड सड़क मार्ग पर पौधों का रोपण किया गया एवं उसकी सुरक्षा को लेकर हरे रंग का ट्री गार्ड लगाया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि बारिश का मौसम है। इस मौसम में पौधों का रोपण करने से उनमे बाढ़ आती हैं। वह देखभाल के चलते आने वाले समय में वृक्ष के रूप में हम सबको दिखाई देगा। पौधारोपण करने से जहां हमें हरियाली एवं छाया मिलेगी, वहीं पर आक्सीजन भी प्राप्त होगा जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रामूराम साहू ने कहा कि नगर पंचायत के द्वारा किया जा रहा है पौधारोपण कार्य सराहनीय कदम है। इस कार्य से आने वाले समय मे हमें दर्रीपार सड़क मार्ग पर हरियाली के साथ छायादार वृक्ष नजर आयेंगे। बस जरूरत है इनकी देखभाल करने की।नगर पंचायत के सीएमओ संतोश विश्कर्मा ने कहा कि पौधारोपण का कार्य एक पुनित कार्य है जिसे लेकर शासन के द्वारा भी आदेशित किया गया है। यह कार्य सामूहिक भागीदारी के चलते पोषित एवं पल्लवित अवश्य ही होगा। लगाया गया यह पौधा आने वाले समय में वृक्ष बनकर इस सड़क की सुंदरता होगी। वहीं वायु प्रदूषण रोकने में सहायक होगा। इस अवसर पर पार्शद अनिल चद्राकर,उपअभियंता हेमंत देवांगन,जय प्रकाश बया सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

■ लगाया गया पौधा वृक्ष बनकर हम सभी को दिखाई देगा– जगदीश यादव

## पैरी नदी के किनारे लगाए गए फलदार और छायादार पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

जिले में पौधारोपण कार्यक्रम के साथ-साथ नगर पंचायत कोपरा में स्थानीय जनप्रतिनिधि व नगर के प्रमुखजनों द्वारा सैकड़ों फलदार वृक्ष आम, आंवला, जाम पैरी नदी के किनारे लगाए गए।

उक्त अवसर पर उपस्थित जनपद पंचायत फिंगेश्वर उपाध्यक्ष योगेश साहू ने बताया कि आज बढ़ती गर्मी और पर्यावरण में संतुलन बनए रखने के लिए आने वाले कल के लिए पेड़ लगाना बहुत ही आवश्यक है। उद्बोधन में मुन्ना लाल देवदास, कमलेश साहू, भारतीय साहू, संध्या ठाकुर आदि ने पर्यावरण के संबंध में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आयोजन व आभार नगर पंचायत सीएमओ वर्मा ने किया।

■ नगर पंचायत कोपरा में किया गया फलदार पौधारोपण

उक्त कार्यक्रम में योगेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत मुन्ना लाल देवदास, शक्ति केंद्र संयोजक रूप नारायण साहू, साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष कमलेश साहू, ओंकार सिंह ठाकुर, नोगेश्वर साहू, दिलीप वर्मा, नंदू सिन्हा, भारती साहू, संध्या ठाकुर, कुलंजन साहू, फिरंगी पटेल, विध्या साहू, डॉ. रमेश साहू, एमन लाल साहू, सीएमओ नगर पंचायत कोपरा वर्मा, नगर पंचायत के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूल के प्रधानपाठक, छात्र-छात्राएं और नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थिति थे।

## बेलर स्कूल की महिला कर्मी ने घर में की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

बेलर हायर सेकेंडरी स्कूल में अनुकम्पा नियुक्ति पर कार्यरत सहायक ग्रेड 3 की महिला कर्मी मीना निषाद उम्र 29 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर कर आज खुदखुशी कर ली। परिवार सदस्य द्वारा पुलिस थाना फिगेश्वर में सूचना पर टी आई फैजूल शाह होदा के निर्देश पर एस आई सुरेन्द्र निषाद घटना स्थल पहुंचकर मुवायना किया। पंचनामा कर पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजन को सौप दिया गया। पुलिस थाना फिगेंश्वर ने मर्ग कायम 54/2024 कायम कर विवेचना में लिया गया है।



परिवार के सदस्य हूलास निषाद, ग्रामीण संतोष साहू महेश साहू ,प्रचार्य बेलर कमल पांडे ने कहा मृतक मीना निषाद की पति लोकनाथ सरकारी शिक्षक पद कार्यरत थे। करोनाकाल में उसका मृत्यु हो गई थी। उनके मृत्यु उपरांत मीना का अनुकम्पा में सहायक ग्रेड 3 हाई स्कूल बेलर में 2 जूलाई 2021 को नियुक्ति हुई थी। पति के मृत्यु के बाद से उसकी तबीयत बिगड़ी थी। जिसका इलाज स्वयं कर रही थी। स्वास्थ्य मे सुधार नहीं होने से वह चिंतित थी।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में जिला प्रशासन द्वारा लक्ष्य एक पेड़ मां के नाम थीम के अंतर्गत पूरे शाला परिवार के साथ पौधारोपण किया गया। जिसमें इको क्लब के माध्यम से पेड़ पौधों को सुरक्षित रखने के उपाय दुर्गेश नंदिनी द्वारा बताया गया।

संस्था प्रमुख दीपक कुमार बौद्ध प्राचार्य ने कहा, 'यह अभियान न केवल पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मातृत्व के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का एक सुंदर तरीका भी है।'

■ पौधों को सुरक्षित रखने के बताए उपाय

कार्यक्रम के दौरान, शिक्षकों ने स्थानीय समुदाय को भी पौधारोपण के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें भी इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि एक पेड़ लगाने से न केवल पर्यावरण में सुधार होता है, बल्कि यह अगली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और हरित भविष्य की नींव भी रखता है।

विभाग ने इस अभियान के अंतर्गत भविष्य में और भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। इस पहल की सराहना करते हुए, कई नागरिकों ने भी इसमें भागीदारी की इच्छा व्यक्त की और इसे एक सकारात्मक दिशा में उठाया गया कदम माना।

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान छत्तीसगढ़ सरकार की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और लोगों में जागरूकता को दर्शाता है। जिसका उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से अधिक से अधिक हरियाली बढ़ाना है।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संस्था प्रमुख दीपक कुमार बौद्ध प्राचार्य, मिडिल नरगिस कुरैशी, प्राइमरी अर्चना पचबिए, किशोर साहू, कल्पना पटेल, राकेश साहू, भेलेश्वरी कोमर्रा, कमलेश असरानी, डागेश्वरी साहू, कैलाश कोसरे, महिमा तिर्की, किरणनंद, वागेश्वरी कुंजाम सिम्मी विल्सन, धर्मेंद्र कुमार, रोशनी साहू, पुरूषोत्तम साहू, अंजनी सोम, त्रिलोचना साहू, माधवी मैडम, योगेश्वरी रात्रे, गंगोत्री साहू, हेमंत, लोकेश, योगिता सेन, एवम संस्था के समस्त कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## कलेक्टर पारागांव एवं मालगांव पहुंचकर अभियान में हुए शामिल

# 1 लाख 40 हजार से अधिक पौधों का किया गया रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले के सभी विकासखंडों में आज वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति की सुरक्षा के लिए वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। अभियान में जिलेवासियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। पौधारोपण अभियान के तहत 1 लाख 40 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इसके तहत कृषि, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग द्वारा जिलेभर में वृक्षारोपण किया गया। अभियान की विशेष बात यह रही कि जिले की नवविवाहित, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं ने भी उत्साह के साथ पौधारोपण में भाग लिया। जिले की लगभग 17 हजार से अधिक महिलाओं ने 85 हजार से अधिक फलदार पौधों का रोपण किया। साथ ही पौधों को छोटे बच्चे की तरह देखभाल कर उन्हें बड़ा करने का संकल्प लिया। यह पौधे बड़े होकर कुपोषण से लड़ने में सहायक फलों का उत्पादन करेंगे। जिससे बच्चे और महिलाओं के साथ पूरा परिवार लाभान्वित होगा। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम पारागांव एवं ग्राम मालगांव में पहुंचकर फलदार पौधों का रोपण किया। उन्होंने लोगों को पौधों का महत्व बताते हुए अपने घरों में भी वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। कलेक्टर श्री अग्रवाल की उपस्थिति में पारागांव के गर्भवती महिला चांदनी कंसारी ने अपने घर की बाड़ी में पौधारोपण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, डीपीओ अशोक पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित मीडियाकर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जल शक्ति अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण, पर्यावरण की दिशा में, ''नारी शक्ति से जल शक्ति'' अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नवयुगल, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के भविष्य के लिए फलदार पौधरोपण किया जा रहा है और उन पौधों को सहेजनें के लिए संकल्प पत्र भी भराया जा रहा है। ताकि उनके द्वारा रोपे गये पौधों को बच्चों की तरह देखभाल कर उन्हें बड़ा किया जा सके। इसके उपरांत फल लगने पर अपने बच्चों एवं परिवार के पोषण के लिए उपयोग किया जा सके। इस दौरान गर्भवती महिला चांदनी कंसारी ने अपने बाड़ी पर काजू, कटहल, मुनगा, अमरूद और नींबू पौध रोपण किया। इस पर कलेक्टर ने उन्हें अच्छे से अपने बच्चे की तरह देखभाल करने और बड़ा करने को कहा।

## जिला प्रशासन की तत्परता से रूपेश व कैलाश को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**गरियाबंद।** जिला प्रशासन की त्वरित एवं संवेदनशील पहल से रूपेश एवं कैलाश को अनुकंपा नियुक्ति मिल गई है। आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने श्रीमती रूपेश एवं कैलाश को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए दोनों को निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने के लिए शुभकामनाएं दी। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मिलने से रूपेश एवं कैलाश ने खुशी जताते हुए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। रूपेश एवं कैलाश को भृत्य पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है।

दरअसल फिंगेश्वर के ग्राम पतोरा की निवासी रूपेश के पति जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भृत्य के पद पर पदस्थ थे। उनका निधन दिसंबर 2023 में पीलिया बीमारी के कारण हो गया था। उनके निधन से घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। पति के निधन के बाद श्रीमती रूपेश ने डीईओ कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। कलेक्टर के निर्देशानुसार आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया। नौकरी मिल जाने से रूपेश को आर्थिक संबल और परिवार के पालन पोषण में सहायता मिलेगी। इसी प्रकार देवभोग के सुकलीभांठा के निवासी कैलाश के पिताजी दावरीभांठा के प्राइमरी स्कूल में हेडमास्टर के पद पर पदस्थ थे। उनके निधन के पश्चात कैलाश को बीईओ ऑफिस देवभोग में भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। कैलाश ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि नौकरी मिल जाने से परिवार के पालन पोषण में आसानी होगी।

